## गणगौर उत्सव का आयोजन

बीकानेर(निसं)। नालन्दा पब्लिक सीनियर सैकेण्डरी स्कूल की करुणा क्लब इकाई के द्वारा आज नव विक्रम संवत् 2083 के पूर्व दिवस पर शाला प्रांगण में गणगौर उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर राजस्थानी भाषा के ख्यातनाम साहित्यकार कमल रंगा ने गणगौर उत्सव के आयोजन की महत्ता बताते हुए कहा कि गणगौर का त्योहार भगवान शिव और पार्वती की पूजा के लिए समर्पित है। उनकी पूजा से पति-पत्नी के बीच प्रेम और समर्पण बढ़ता है। गणगौर के दिन सुहागिन महिलाएँ अपने पति की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए पूजा करती हैं। गणगौर के दिन बालिकाएं अच्छे पति को पाने के लिए गणगौर की पूजा करती हैं। गणगौर का पर्व प्रकृति के संरक्षण का भी पर्व है क्योंकी इसमें महिलाएं प्रकृति के गीत गाकर और नृत्य करके प्रकृति की सुंदरता का जश्न मनाती हैं। शाला प्राचार्य राजेश रंगा ने इस नवाचार को बहुत ही सराहनीय कार्य बताया क्योंकि आज के दौर में पाश्चात्य संस्कृति की हौड़ में भारतीय संस्कृति एवं संस्कार को अपनाना आज के युवा अपनी तौहिन समझता है। ऐसी स्थिति में शाला परिवार के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा इस प्रकार के पारंपरिक तीज-त्योहार को मनाना भारतीय संस्कृति की जड़ों को मजबूत करता दिखाई दे रहा है। ऐसे कार्यक्रमों से आने वाली पीढ़ियां इन परंपराओं को निभाती रहेगी।

# सुरक्षित और स्वस्थ जीवन के लिए हरित, सुरक्षित और स्वच्छ रसायन

बीकानेर( निसं )। उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रयोगशाला सुरक्षा एवं संरक्षा पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला के दूसरे दिन तीन सत्रों में कार्यशाला का आयोजन किया गया। पहले सत्र में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन और फिल्मों के माध्यम से सुरक्षा एवं संरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया और भोजन, दवाओं, प्लास्टिक और

■ प्रयोगशाला सुरक्षा एवं संरक्षा पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन हुआ

एंटीबायोटिक्स से संबंधित विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए गए। सत्र की अध्यक्षता डॉ. उमा राठौर और डॉ. मुक्ता ओझा ने की। दूसरे सत्र में चंचल शर्मा, दुर्गेश खत्री और लक्ष्य अरोरा ने तीन पहलुओं पर छात्रों की प्रस्तुतियाँ दीं। चंचल शर्मा ने क्यूआर कोड की सहायता से सुरक्षा मापदंडों को समझाया। संवादात्मक सत्र में उन्होंने छात्रों को नैतिक और जागरूकता सुरक्षा कार्यक्रम में नामांकित किया। लक्ष्य अरोरा ने बताया कि सत्र की शुरुआत में ही सुरक्षा नियमों

प्रयोगशाला सुरक्षा व सरक्षा पर कार्यशाला को सम्बोधित करते दुर्गेश खत्री।

और नैतिकता के बारे में बताया जाना चाहिए। परिसर के साथ-साथ समाज में भी नैतिक जागरूकता प्रणाली विकसित की जानी चाहिए। उन्होंने कैलिफोनिन्या, अमेरिका स्थित कंपनी वेस्ट फार्मास्यूटिकल्स के केस स्टडी पर भी चर्चा की। उन्होंने गोल्डन सेफ आदतों के बारे में भी बताया। दुर्गेश खत्री ने परमाणु हथियारों से सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई। उन्होंने रावतभाटा और चंडीगढ़ के केस स्टडी का वर्णन किया। सत्र की अध्यक्षता डॉ. मुक्ता ओझा ने की और उन्होंने छात्रों द्वारा स्वयं प्रयोगशाला सुरक्षा की योजना बनाने का सुझाव दिया। इसके लिए प्रयोगशाला में चार प्रकार के कचरा डिब्बे डिजाइन करके रखे जाएंगे और प्रत्येक रसायन के लिए एक सामग्री सुरक्षा डेटा शीट तैयार करके प्रदर्शित की जाएगी। तीसरा सत्र एक बहुत ही रोचक पैनल चर्चा थी जिसमें नौ छात्रों ने सुरक्षित, स्वच्छ और हरित रसायनों पर चर्चा की। विभा चौधरी ने मिनरल आधारित सनस्क्रीन की तुलना में अधिक प्रभावी और असरदार ग्रीन सनस्क्रीन के बारे में बताया। ग्रीन सनस्क्रीन यूवी किरणों को बेहतर ढंग से अवशोषित करती हैं और त्वचा की ऊपरी परत (एपिडर्मिस) और निचली परत (डर्मिस) पर इनका कोई दुष्प्रभाव नहीं होता। जयश्री ने सुरक्षित मॉइस्चराइज़र पर चर्चा की और बताया कि प्रभावी मॉइस्चराइज़र रूखेपन से सुरक्षा प्रदान करते हैं और त्वचा संबंधी समस्याओं के लिए विशेष रूप से कारगर होते हैं। जयश्री ने भारतीय ज्ञान प्रणालियों से प्राप्त मॉइस्चराइज़र के बारे में भी बताया।चंचल शर्मा ने बताया कि अगर हम अपने बालों को रंगना चाहते हैं तो क्या करें, बालों के लिए कौन से ग्रीन और सुरक्षित रंग उपलब्ध हैं। उन्होंने हीना, नील और इसके व्युत्पन्न जैसे प्रभावी और दुष्प्रभाव रहित हेयर कलर के बारे में बताया।

## जिला उद्योग संघ के चुनाव कल

बीकानेर,( निसं )। यहा बीकानेर जिला उद्योग संघ के चुनाव इस बार बेहद रोचक हो गए हैं। 20 मार्च को होने वाले चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए अब सीधी टक्कर वर्तमान अध्यक्ष डीपी पच्चीसिया और सुशील थिरानी के बीच रह गई है। खास बात यह है कि दोनों रिश्ते में मामा-भांजा हैं, जिससे मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। इस बार चुनाव में कुल तीन उद्यमियों ने नामांकन दाखिल किया था, जिनमें डीपी पच्चीसिया, सुशील थिरानी और विनोद बाफना शामिल थे। हालांकि बाद में विनोद बाफना ने अपना नाम वापस ले लिया, जिसके बाद मुकाबला दो प्रत्याशियों के बीच सिमट गया है। पिछले 18 वर्षों से अध्यक्ष पद पर काबिज डीपी पच्चीसिया अपने कार्यकाल के दौरान हुए विकास कार्यों को आधार बनाकर उद्यमियों से समर्थन मांग रहे हैं। वहीं उनके प्रतिद्वंद्वी सुशील थिरानी पिछले वर्षों में अपेक्षित कार्य नहीं होने का आरोप लगाते हुए बदलाव के नाम पर वोट मांग रहे हैं। चुनाव को लेकर दोनों पक्ष पूरी ताकत झोंक चुके हैं। उद्यमियों के घर-घर जाकर संपर्क किया जा रहा है, वहीं औद्योगिक क्षेत्रों में लगातार बैठकों का दौर भी जारी है। चुनावी माहौल को देखते हुए दोनों गुटों के बीच पुराने मतभेदों को दूर करने की भी कोशिशें की जा रही हैं।

## सार-समाचार

### शहर में फिजूल बहा लाखों लीटर पानी

बीकानेर,( निसं )। शहर के लक्ष्मीनाथ घाटी इलाके में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब पेयजल आपूर्ति की 14 इंच की मुख्य पाइपलाइन अचानक फट गई। देखते ही देखते सड़कों पर पानी का तेज बहाव शुरू हो गया और हालात नदी जैसे बन गए। पाइपलाइन फूटने से आसपास की गलियां मिनी नदी में तब्दील हो गईं। तेज बहाव के कारण पानी कई घरों के अंदर तक घुस गया, जिससे घरेलू सामान भी भीग गया और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह के समय अचानक हुए इस घटनाक्रम से लोग संभल भी नहीं पाए। स्थानीय लोगों के अनुसार कुछ ही मिनटों में पूरा इलाका पानी से भर गया और हालात बाढ़ जैसे नजर आने लगे। कई जगहों पर सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे आवाजाही भी प्रभावित हुई। सूचना मिलने पर जलदाय विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लीकेज को रोकने के लिए कड़ी मशक्कत की। काफी प्रयासों के बाद पाइपलाइन से हो रहे पानी के बहाव को नियंत्रित किया जा सका। गौरतलब है कि इसी क्षेत्र में कुछ महीने पहले भी पाइपलाइन टूटने की घटना सामने आई थी। बार-बार हो रही ऐसी घटनाओं से जलदाय विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं और स्थानीय लोग स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

### खेलों का हब बनेगा डॉ. करणी सिंह स्टेडियम

बीकानेर,( निसं )। शहर का प्रमुख खेल केंद्र डॉ. करणी सिंह स्टेडियम अब आधुनिक सुविधाओं से लैस होकर नए स्वरूप में नजर आएगा। जिला कलेक्टर एवं जिला क्रीड़ा परिषद की अध्यक्ष नम्रता वृष्णि ने स्टेडियम में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना के तहत स्वीकृत कार्यों की स्थिति जानी। जिला क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष एवं नगर निगम आयुक्त मयंक मनीष ने बताया कि बैडमिंटन हॉल की मरम्मत सहित विभिन्न कार्यों के लिए 40 लाख रुपए की निविदा जारी की गई है और काम प्रगति पर है। इसके अलावा स्टेडियम में बास्केटबॉल कोर्ट, वुशू एरिना, पिकल बॉल कोर्ट, बॉक्स क्रिकेट एरिना, क्रिकेट पिच, फुटबॉल ग्राउंड और एथलेटिक्स ट्रैक के नवीनीकरण सहित अन्य कार्यों के लिए 3 से 4 करोड़ रुपए की निविदा प्रक्रिया चल रही है। बीकानेर विकास प्राधिकरण द्वारा स्टेडियम के चारों ओर पैदल और साइकिल ट्रैक के निर्माण की योजना भी प्रक्रियाधीन है, जिसकी अनुमानित लागत 1.10 करोड़ रुपए है।

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने जाना ऐतिहासिक धरोहरों का महत्व

बीकानेर( निसं )। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, नत्थूसर गेट, सेवगों की बगेची, बीकानेर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात

■ डिजिटल साक्षरता थीम के साथ अभिलेखागार का किया भ्रमण

दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन आज स्वयंसेवकों के लिए एक विशेष शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। 'मेरा युवा भारत और डिजिटल साक्षरता' मुख्य विषय (थीम) पर आधारित इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने बीकानेर की ऐतिहासिक धरोहर और आधुनिक डिजिटल संरक्षण तकनीकों को करीब से समझा। भ्रमण की शुरुआत ऐतिहासिक जूनागढ़ किले से हुई, जहाँ विद्यार्थियों ने दुर्ग की बेजोड़ स्थापत्य कला, नक्काशीदार झरोखों और प्राचीन अस्त्र-शस्त्रों की प्रदर्शनी को करीब से देखा। मार्गदर्शकों ने स्वयंसेवकों को बीकानेर के गौरवशाली इतिहास और तत्कालीन सुरक्षा प्रणालियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने इस दौरान

एनएसएस स्वयसेवको ने जुनागढ का भ्रमण कर जाना ऐतिहासिक धरोहर का महत्व।

ऐतिहासिक तथ्यों को अपनी डायरी में भी नोट किया। इसके पश्चात, शिविर की थीम 'डिजिटल साक्षरता' को ध्यान में रखते हुए, भ्रमण दल ने राजस्थान राज्य अभिलेखागार का विशेष दौरा किया। यहाँ विद्यार्थियों ने देखा कि किस प्रकार सदियों पुराने ताम्रपत्रों, मुगलकालीन फरमानों और रियासतकालीन पट्टों को आधुनिक डिजिटल तकनीक के माध्यम से भविष्य के लिए स्कैन और डिजिटाइज किया जा रहा है। अभिलेखागार के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे डिजिटल साक्षरता हमारे इतिहास को नष्ट होने से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह संपूर्ण शैक्षणिक दौरा एनएसएस प्रभारी मनीराम एवं सहप्रभारी ललिता सोमानी के कुशल नेतृत्व में अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए अध्यापक ज्योति सेतिया और रामरतन डूडी भी साथ रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को ऐतिहासिक स्थलों की महत्ता और उनके संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

## श्री अन्न प्रहरि मेला सम्पन्न

बीकानेर, ( निसं )। मोटे अनाज के प्रति किसानों को जागरूक करने के उद्देश्य से बज्जू स्थित उरमूल सीमांत समिति में आयोजित श्री अन्न मेला बुधवार को सम्पन्न हुआ। मेले में किसानों, महिला समूहों को बाजरा एवं अन्य मोटे अनाज के उत्पादन, उपयोग एवं मूल्य संवर्धन की विस्तार से जानकारी चर्चा दी गई। मेले के दूसरे दिन प्रतिभागियों को बाजरा एवं अन्य श्रीअन्न से तैयार किए जा सकने वाले मूल्य संवर्धित उत्पादों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों की भूमिका पर जोर देते हुए बताया कि श्रीअन्न आधारित उत्पाद महिलाओं के लिए आय का एक सशक्त माध्यम बन सकते हैं। बज्जू सरपंच मोहनलाल गोदारा ने कहा कि श्रीअन्न न केवल हमारी परंपरा का हिस्सा है, बल्कि यह वर्तमान में टिकाऊ कृषि का आधार भी बन सकता है।पशु चिकित्सालय बज्जू प्रभारी डॉ. सुमन नागपाल कृषि और पशुपालन के परस्पर संबंधों पर प्रकाश डाला तथा किसानों को पशु बीमा योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की। भारतीय स्टेट बैंक बज्जू के उप प्रबंधक गिरधारीलाल हटीला ने किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं मिलेट्स आधारित कृषि से जुड़े वित्तीय सहयोग के बारे में जानकारी दी।

# अधिक ट्रैफिक लोड से जाम की समस्या और देरी आम

बीकानेर,( निसं )। शहर में ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ रहा है। मौजूदा व्यवस्था भविष्य की मांगों को पूरा करने में सक्षम नहीं दिख रही। व्यापक गतिशीलता के एक सर्वे में सामने आया है कि शहर के कई प्रमुख इलाकों में पीक टाइम में क्षमता से अधिक ट्रैफिक लोड हो रहा है, जिससे जाम की समस्या और देरी आम हो गई है। नगर निगम की ओर से कराए गए एक सर्वे में ये समस्याएं सामने आई हैं।

शार्दूल गंज, उरमूल चौराहा, मुक्ता प्रसाद और हनुमान हत्था वाली रोड जैसे क्षेत्रों में दोपहिया वाहनों और कार के कारण हालात ज्यादा खराब हैं। जंक्शनों पर सीमित जगह और कमजोर प्रबंधन के कारण वाहन चालकों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती है। शहर में सिटी बस सेवा का अभाव स्थिति को और गंभीर बना रहा है। लोग ऑटो जैसे साधनों पर निर्भर हैं जो बिना तय रूट और स्टॉप के चलते हैं। इससे खासकर पुराने शहर में ट्रैफिक अव्यवस्थित हो जाता है।

पैदल यात्रियों के लिए भी हालात सुरक्षित नहीं हैं। अधिकांश सड़कों पर फुटपाथ नहीं होने से लोगों को सड़क पर ही चलना पड़ता है। कोटगेट, भीमसेन सर्कल, स्टेशन रोड और रानी

■ शहर में 1004 किलोमीटर सड़क, फिर भी जाम, ट्रैफिक मैनेजमेंट फेल

बाजार जैसे स्थान दुर्घटना के लिहाज से संवेदनशील पाए गए हैं। पार्किंग की कमी और अव्यवस्थित माल परिवहन भी जाम को बढ़ा रहे हैं।

बाजारों और पर्यटन स्थलों के आसपास सड़क पर पार्किंग आम है। जिससे सड़कें संकरी हो गई। वहीं भारी वाहन शहर के ट्रैफिक के साथ मिलकर और दबाव बढ़ाते हैं। सड़क सुरक्षा के आंकड़े भी चिंता बढ़ाने वाले हैं। पिछले पांच वर्षों में जानलेवा दुर्घटनाओं में वृद्धि दर्ज की गई है, खासकर शहर के कोर इलाकों में।

**इनका कहना है :** 'ट्रैफिक की रिपोर्ट तैयार करने का काम एक फर्म को दिया गया था। सरकार ने भी बजट में इसके लिए एक राशि मुहैया कराई जो प्रदेश के कई संभागों को मिलनी है। रिपोर्ट में ये चीज सामने आ गई कि आखिर सुधार कहां-कहां और कितना करना है। ये रिपोर्ट निगम ने ही तैयार कराई है। इसे अब सभी के साथ शेयर करके सुधार की ओर बढ़ेंगे।

## भेड़ों में अधिक बच्चे देने वाले कारक की पहचान की

बीकानेर,( निसं )।पशुचिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के वैक्सिनोलॉजी एंड बायोलॉजिकल प्रोडक्ट रिसर्च सेंटर के वैज्ञानिकों को भेड़ों में मल्टीपेरस (एक बार में कई बच्चे देने वाली) और यूनिपेरस (एक बार में एक बच्चा देने वाली) भेड़ों की पहचान तकनीक के लिए पेटेंट कार्यालय, भारत सरकार द्वारा पेटेंट प्रदान किया गया है।


**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक :- नियमन/2026/5226 दिनांक : 18.3.26
**सार्वजनिक आपत्ति सूचना**
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 3 ई छोटी मुरब्बा नं. 6/7 के किला नं० 09 में माप 25 इन्दू 55 फीट, श्रीगंगानगर का आवासीय पट्टा संख्या 2927 दिनांक 13.02.2013 को श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी श्री अमूपचन्द के नाम से जारी है। श्रीमती सावित्री देवी पत्नी श्री सुरेन्द्र कुमार निवासी 543 अशोक नगर बी, श्रीगंगानगर द्वारा उक्त भूखण्ड को जरिये पंजीकृत दस्तक्दारी दिनांक 17.12.2025 के द्वारा क्रय कर अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छपा दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं० 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 को अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पट्टा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक : नियमन/2026/5222 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक :18-3-26
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री बलवंत सिंह पुत्र श्री मनीराम निवासी चक 7 एफ बड़ा, तहसील व जिला श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 40 किला नं. 20, 21 में माप 25 इन्दू 50 फीट भूखण्ड संख्या 118,शंकर कॉलोनी-3 श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का आवासीय का पट्टा संख्या 6654 दिनांक 19.2.2009 को श्रीमती सन्तरो देवी पत्नी श्री कृष्णलाल के नाम से जारी है। | श्री बलवंत सिंह द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 24.06.2010 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में अनिलाइन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्री बलवंत सिंह पुत्र श्री मनीराम निवासी चक 7 एफ बड़ा, तहसील व जिला श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से संबन्धित समस्त दस्तावेजों को आमख्वास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/1487 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक : नियमन/2026/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 17-3-2026
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में रिहायशी भूखण्ड वाके चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 47 के किला नं. 17 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0" गुणा 48'-0" फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्री राजकुमार सैनी पुत्र श्री जयराम सैनी निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री राजकुमार सैनी पुत्र श्री जयराम सैनी निवासी श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 47 के किला नं. 17 में भूखण्ड संख्या का माप 30'-0" गुणा 48'-0" फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/ पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
RajKaj Ref No.: 21088092 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक : नियमन/2026/5229 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक :18-3-26
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्रीमती गुरमीत कौर पत्नी श्री विवेक कुमार निवासी 40 पुरानी आबादी, थाना रोड, कैनाल ब्लॉक, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **व्यावसायिक** भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 5 ए छोटी मुरब्बा नं. 07 के किला नं. 12, 13 में माप 30 इन्दू 60 फीट भूखण्ड संख्या ई-15, अम्बिका सिटी श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का आवासीय का पट्टा संख्या 3842 दिनांक 16.9.2014 को श्रीमती हरप्रीत कौर पत्नी श्री मनवीर सिंह के नाम से जारी है। | **श्रीमती गुरमीत कौर** द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 01.08.2025 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्रीमती गुरमीत कौर पत्नी श्री विवेक कुमार निवासी 40 पुरानी आबादी, थाना रोड, कैनाल ब्लॉक, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमख्वास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/1432 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक : नियमन/2026/5223 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक :18-3-26
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री मालचंद जैन पुत्र श्री फूलराज निवासी वार्डनं. 12, टैगौर स्कूल के पीछे, एसबीबीजे बैंक वाली गली सूरतगढ़, जिला श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखण्ड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखण्ड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखण्ड के नामान्तरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 1 एफ छोटी मुरब्बा नं. 34, 37 के किला नं. 24,25 एवं 4, 5 में माप 30 इन्दू 70 फीट भूखण्ड संख्या 1534, होमलैण्ड सिटी-2 श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का आवासीय का पट्टा संख्या 5584 दिनांक 22.12.2016 को एबीजैड इन्फ्रा प्रा. लि. जरिये डायरेक्टर निखिल मित्तल पुत्र श्री संजीव मित्तल के नाम से जारी है। | **श्री मालचंद जैन द्वारा** द्वारा पंजीकृत बैयनामा दिनांक 18.02.2026 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस सम्बन्ध में **श्री मालचंद जैन पुत्र श्री फूलराज निवासी वार्डनं. 12, टैगौर स्कूल के पीछे, एसबीबीजे बैंक वाली गली सूरतगढ़, जिला श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के सम्बन्ध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमख्वास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/1454 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**
क्रमांक/निकास/2026/5159 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 24.02.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री रूपेन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री रावेल सिंह निवासी चक 29 जीबी-बी, तहसील श्रीविजयनगर, श्रीगंगानगर** के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित **आवासीय भूखण्ड** का न्यास रिकॉर्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में न्यास रिकॉर्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूमि का विवरण | मूल भूखंडधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 3 एमएल मुरब्बा नं. 01 के किला नं. 07 में माप 20 इन्दू 60 फीट भूखण्ड संख्या डी-07 रिद्धि-सिद्धि इन्क्लेव-2, श्रीगंगानगर | उक्त भूखण्ड का आवासीय का पट्टा संख्या 75 दिनांक 26.04.2011 को रिद्धि-सिद्धि होम डवलपर्स प्रा. लि. जरिये डायरेक्टर श्री मुकेश शाह पुत्र श्री शिव प्रसाद शाह के नाम से जारी है है। | **श्री रूपेन्द्र पाल सिंह** द्वारा पंजीकृत उपहार पत्र दिनांक 15.10.2025 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड के नामान्तरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखंड के संबंध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामांतरण चाहा गया है। इस संबंध में **श्री रूपेन्द्र पाल सिंह पुत्र श्री रावेल सिंह निवासी चक 29 जीबी-बी, तहसील श्रीविजयनगर, श्रीगंगानगर** द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/फ्री लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के दौरान इस भूखंड से संबंधित समस्त दस्तावेजों को आमख्वास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिए कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जावेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा। आवेदन संख्या - SGNR/FY25-26/MUT/1261
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**
क्र. :- LU2012/SGN/2025-26/101508 **लोक सूचना** दि. : 17.03.2026
सोनक ऑटोमोबाईलस प्राईवेट लिमिटेड मेजर सिंह पुत्र श्री दर्शन सिंह निवासी चक 1 एन, गुलाबेवाला, तहसील करणपुर जिला श्रीगंगानगर ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात :-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं./भूमि का विवरण | क्षेत्रफल (हैक्टेयर) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 एमएल तहसील व जिला श्रीगंगानगर | सोनक ऑटो